**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2201**

**सोमवार, 8 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942(शक)**

**मध्य प्रदेश में श्रम योगी मानधन योजना**

**2201. साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर:**

**श्री रामशिरोमणि वर्मा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएमएसवाईएम) योजना के अंतर्गत पंजीकरण किया है;

(ख) यदि हां, तो अभी तक उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्होंने स्वयं को पंजीकृत कराया है;

(ग) पीएमएसवाईएम योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य/जिला वार संख्या कितनी है;

(घ) उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में उक्त योजना के अंतर्गत लाभ लेने वाले लोगों की संख्या कितनी है;

(ङ) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, भोपाल सहित मध्य प्रदेश राज्य में किए गए पंजीकरणों की संख्या कितनी है; और

(च) सरकार द्वारा इस योजना को और बढ़ावा दिए जाने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) से (ङ): जी, हां। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएमएसवाईएम) योजना के अंतर्गत पंजीकरण किया जा रहा है। 28.02.2021 की स्थिति के अनुसार, योजना के अंतर्गत 44.90 लाख से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया है। पीएमएसवाईएम योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा अनुबंध 'क' में दिया गया है। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में 3000 से अधिक लोग योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। चूंकि आंकड़ों का अनुरक्षण स्थानीय सरकारी निर्देशिका के अनुसार जिला स्तर पर अलग-अलग किया जाता है अत: निर्वाचन-क्षेत्र वार आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। भोपाल जिले सहित मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएमएसवाईएम) के अंतर्गत 1.23 लाख से अधिक नामांकन किए गए हैं।

(च): राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को पात्र असंगठित कामगारों को उनके निकटतम सीएससी केंद्रों से संबद्ध करने की आवश्यकता है। इसके लिए, मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में राज्य स्तर की निगरानी समितियां और डीसी/डीएम के अधीन जिला स्तर की कार्यान्वयन समिति का प्रत्येक जिले एवं राज्य में गठन किया गया है। असंगठित क्षेत्र के कामगारों को अभिप्रेरित करने हेतु आईईसी सामग्रियां जैसे प्रचार पुस्तिका, बैकड्रॉप, क्रिएटिव्स फॉर स्टेंडी और वीडियो डॉक्यूमैंट्री (स्थानीय भाषा में) भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को प्रदान की गई हैं।

* ****

**अनुबंध**

**दिनांक 08.03.2021 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2201 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्र. सं | राज्य | व्यक्तिगत नामांकन | सामूहिक नामांकन |
|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | 802517 | 92157 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | 618125 | 224155 |
| 3 | महाराष्ट्र | 587940 | 10154 |
| 4 | गुजरात | 368539 | |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 208263 | |
| 6 | बिहार | 193132 | |
| 7 | ओडिशा | 163641 | |
| 8 | आंध्र प्रदेश | 150718 | |
| 9 | झारखंड | 129188 | |
| 10 | मध्य प्रदेश | 123999 | |
| 11 | राजस्थान | 102233 | 179305 |
| 12 | कर्नाटक | 98691 | |
| 13 | पश्चिम बंगाल | 74070 | |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 72198 | |
| 15 | तमिलनाडु | 56731 | |
| 16 | हिमाचल प्रदेश | 41646 | |
| 17 | उत्तराखंड | 34484 | |
| 18 | पंजाब | 33076 | |
| 19 | तेलंगाना | 31668 | |
| 20 | त्रिपुरा | 28717 | |
| 21 | असम | 21312 | |
| 22 | केरल | 10417 | |
| 23 | दिल्ली | 8002 | |
| 24 | नागालैंड | 4701 | |
| 25 | चंडीगढ़ | 3926 | 832 |
| 26 | मणिपुर | 3866 | |
| 27 | मेघालय | 2872 | |
| 28 | अरुणाचल प्रदेश | 2474 | |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 2123 | |
| 30 | पुदुचेरी | 1249 | |
| 31 | गोवा | 971 | |
| 32 | दमन और दीव | 804 | |
| 33 | दादरा और नागर हवेली | 759 | |
| 34 | मिजोरम | 606 | |
| 35 | सिक्किम | 122 | |
| 36 | लक्षद्वीप | 21 | |
| कुल | | **3983801** | **506603** |
| | | **महायोग** | **4490404** |